पत्रांक–11/भा०स० 03–04/2025...213...
बिहार सरकार
शिक्षा विभाग
(माध्यमिक शिक्षा निदेशालय)

प्रेषक,

सज्जन आर०, भा०प्र०से०
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,
बिहार।

पटना, दिनांक...05-02-26

विषयः– माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा इंटरेक्टिव कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा–2026" का आयोजन के संबंध में।

प्रसंगः– सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–D.O No. 2-6/2025-PPC, दिनांक–01.02.2026 एवं संयुक्त सचिव, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–D.O No. 2-6/2025-PPC, दिनांक–03.02.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषय एवं प्रसंगाधीन पत्र (प्रति संलग्न) के आलोक में अंकित करना है कि माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा छात्रों के साथ इंटरेक्टिव कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा–2026" का अयोजन दिनांक–06.02.2026 को समय 10 बजे पूर्वाहन् में निर्धारित है। इस इंटरेक्टिव कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा–2026" को टी.वी. चैनलों, रेडियो चैनलों एवं सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से सुना/देखा जा सकता है।

इस क्रम में कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा–2026 दिनांक–06.02.2026 को समय 10 बजे पूर्वाहन् में दूरदर्शन के DD National, DD News और DD India टी.वी. चैनलों पर प्रसारित किया जायेगा। साथ ही रेडियो के All India Radio Medium Wave, All India Radio FM चैनलों पर सुना जा सकता है। इसके अतिरिक्त "परीक्षा पे चर्चा 2026" को PMO, MoE, Doordarshan और MyGov.in के आधिकारिक वेवसाइट एवं MoE के YouTube चैनलों, Facebook Live तथा Swayamprabha चैनलों पर सुना/देखा जा सकता है। अतः उक्त के आलोक में परीक्षा पे चर्चा–2026 के सफल संचालन हेतु निम्न निदेश दिया जाता हैः–

- प्रसंगाधीन पत्र के दिशार्निदेश के आलोक में कक्षा–06 और इससे उपर के अधिक से अधिक बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के द्वारा "परीक्षा पे चर्चा–2026 "अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री के इंटरेक्टिव कार्यक्रम को देखा/सुना जाना सुनिश्चित किया जाय।
- इंटरेक्टिव कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा–2026" को विद्यालय में उत्सवी माहौल में देखा/सुना जाय।
- वैसे विद्यालयों जहाँ उन्नयन बिहार का वर्ग–कक्ष, ICT Lab, Smart Class Room आदि का संचालन/व्यवस्था है, वहीं इस कार्यक्रम (परीक्षा पे चर्चा–2026) को देखनें/सुनने हेतु इनका उपयोग किया जाय।
- अन्य विद्यालयों में वैकल्पिक व्यवस्था (यथा– टी.वी. रेडियो, YouTube चैनलों एवं Facebook Live आदि) कर इस कार्यक्रम को देखा/सुना जाय।
- विद्यालयों द्वारा कार्यक्रम के उपरांत बच्चों का कार्यक्रम को देखते/सुनते हुए फोटो, विवरणी के साथ MyGov.in Portal पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें।
- इस कार्यक्रम के लाईव प्रसारण से संबंधित सूचना को अपने कार्यालय के वेबसाइट, ई–मेल/WhatsApp/अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से भी उपलब्ध कराया जाय।

अतएव माननीय प्रधानमंत्री का इंटरेक्टिव कार्यक्रम "परीक्षा पे चर्चा–2026" को बच्चों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के द्वारा देखने/सुनने की व्यवस्था शत्–प्रतिशत विद्यालयों में करते हुए संदर्भित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

क्र० सं०	जिला का नाम	विद्यालयों की संख्या जहाँ टी.वी. चैनलों के माध्यम से देखा/सुना जायेगा	विद्यालयों की संख्या जहाँ रेडियों चैनलों के माध्यम से सुना जायेगा	विद्यालयों की संख्या जहाँ ऐन्ड्रॉयड मोबाईल के माध्यम देखा/सुना जायेगा	विद्यालयों की संख्या जहाँ सोशल मीडिया चैनलों से देखा/सुना जायेगा	विद्यालयों की संख्या जहाँ अन्य व्यवस्था के माध्यम से देखा/सुना जायेगा	कुल

विश्वासभाजन

ह०/–

(सज्जन आर०)

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

ज्ञापांक–11/भा०स० 03–04/2025 213 पटना, दिनांक– 05-02-26

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
(सज्जन आर०)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

प्रतिलिपिः– अपर मुख्य सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/–
(सज्जन आर०)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

प्रतिलिपिः–राज्य परियोजना निदेशक, बिहार राज्य परियोजना परिषद्, पटना/सभी जिलाधिकारी/सभी क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक/उपायुक्त, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना, नवोदय विद्यालय समिति/प्राचार्य, सैनिक स्कुल, गोपालगंज एवं नालन्दा/प्राचार्य, सिमुलतला आवासीय विद्यालय, सिमुलतला, जमूई को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
(सज्जन आर०)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

प्रतिलिपिः–उप निदेशक, सूचना एवं जन संपर्क, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह०/–
(सज्जन आर०)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा

प्रतिलिपिः–आई० टी० मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(सज्जन आर०)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा